पाठ - ५ रवींद्र की कलम से

रवींद्र का घर कैसा था ?
रवींद्र का घर बहुत बड़ा था।
रवींद्र की भाभी को क्या शौक था ?
रवींद्र की भाभी को चिड़िया पालने का शौक था।
भाभी अपनी सखियों के साथ कहाँ गई थी ?
भाभी अपनी सखियों के साथ नाटक देखने गई थी।
मौहल्ले के लड़के पतंग कहाँ उड़ाते थे ?
मौहल्ले के लड़के घरो की छतों पर पतंग उड़ाते थे।
रवींद्र का मन दुखी क्यो रहता था ?
चिड़ियों को पिंजरे में चीखते-चिल्लाते, पंख फड़फड़ाते देखकर रवींद्र का मन दुखी रहता था।
रवींद्र ने अपनी भाभी से क्या विनती की ?
रवींद्र ने अपनी भाभी से चिड़ियों को पिंजरे से बाहर निकालकर उड़ाने की विनती की।
रवींद्र को सबने किस बात पर डाँटा ?
चिड़ियों को पिंजरे से उड़ा देने के कारण रवींद्र को सबने डाँटा।
पतंगो के साथ पक्षियों को उड़ते देखकर रवींद्र को कैसा लगता था ?
पतंगो के साथ पक्षियों को उड़ते देखकर रवींद्र को अच्छा लगता था। उसे लगता था की पक्षी पतंग के साथ मुकाबला कर रहे हैं।
पक्षियों को आज़ाद करके रवींद्र के मन मे क्या विचार आया ?
पक्षियों को आज़ाद करके रवींद्र को बहुत खुशी मिली थी।

पाठ - 10

## बादल

प्र1। ऋतुएँ कितनी होती हैं? कौन-कौन सी ऋतुएँ आपको पसंद हैं?

उ। ऋतुएँ छह होती हैं। अपने पसंद की ऋतु छात्र स्वयं बताएँ।

प्र2। पानी बरसने से पहले आकाश कैसा हो जाता है?

उ। पानी बरसने से पहले आकाश काला घना हो जाता है।

प्र3। वर्षा होने पर आकाश मे क्या दिखाई देता है?

उ। वर्षा होने पर आकाश में इंद्रधनुष दिखाई देता है।

प्र4। कविता के रचयिता कौन हैं?

उ। कविता के रचयिता सोहनलाल द्विवेदी जी हैं।

प्र5। वर्षा ऋतु मे बादलों से कैसे बरसने के लिए कहा गया है?

उ। वर्षा ऋतु मे बादलों से रिमझिम, रम-रम और धम-धम बरसने के लिए कहा गया है।

प्र6। रिमझिम वर्षा होने से क्या लाभ होता है?

उ। रिमझिम वर्षा होने से मनमाने ढंग से नहाने का लाभ होता है।

प्र7। पानी बरस जाने से मौसम कैसा हो जाता है?

उ। पानी बरस जाने से मौसम की गरमी चली जाती है।

प्र8। पानी बरसने से तन-मन कैसे हो जाते हैं?

उ। पानी बरसने से तन-मन ठंडा हो जाता है।

Date ______
Page No. ______

पाठ -11 बैक्टीरिया

प्र०1 बैक्टीरिया किसे कहते है ?
उ०1 सूक्ष्म जीवाणुओं को बैक्टीरिया कहते हैं।

प्र०2 राहुल ने हाथ कैसे धोए थे ?
उ०2 राहुल ने साबुन से हाथ धोए थे।

प्र०3 हाथ साबुन से क्यो धोने चाहिए ?
उ०3 हाथ साबुन से धोने पर मैल निकल जाता है। इस-लिए हाथ साबुन से धोने चाहिए।

प्र०4 पाठ का नाम क्या है ?
उ०4 पाठ का नाम 'बैक्टीरिया' है।

प्र०5 बैक्टीरिया हमारे शरीर में कैसे पँहुचते हैं ?
उ०5 हमारे हाथो मे मैल लगी रहती है। जब हम भोजन करते हैं। तब वह मैल हाथों से पेट में चली जाती है और मैल मे छीपे बैक्टीरिया भी शरीर में पँहुच जाते है।

प्र०6 मैल पेट मे कैसे चली जाती है।
उ०6 गंदे हाथो से भोजन करने के कारण मैल मे छिपे बैक्टीरिया हमारे पेट में चले जाते है।

प्र०7 बैक्टीरिया को कैसे देखा जा सकता है ?
उ०7 बैक्टीरिया को माइक्रोस्कोप के माध्यम से देखा जा सकता है।

Date ___/___/___
Page No. ______

पाठ - 12

## सूरज

प्र.1 सूरज क्या लेकर आता है ?

उ. सूरज चिड़ियों के गाने लेकर आता है।

प्र.2 सुबह के समय सूरज कैसा दिखाई पड़ता है ?

उ. सोने जैसा दिखाई पड़ता है।

प्र.3 शाम को सूरज क्या बन जाता है ?

उ. शाम को सूरज ठंडा लाल गोला बन जाता है।

प्र.4 सूरज हमें क्या सिखाता है ?

उ. सूरज हमें सुबह उठने की सीख देता है।

प्र.5 सूरज के बिना धरती कैसी दिखाई देती है ?

उ. सूरज के बिना धरती अंधकारमय दिखाई देती है

प्र.6 सूरज को क्या माना जाता है ?

उ. सूरज को धरती का जीवन माना जाता है।